# भाजपा नेता के घर फायरिंग, भीड़ ने दबोचे हमलावर, पीटा

## जौरा कस्बे में रविन्द्र सिकरोदा के घर हुई घटना, शराब कारोबार से जुड़ा है विवाद, दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 2 अप्रैल।** जौरा क्षेत्र के कद्दावर भाजपा नेता रविन्द्र सिकरौदा के घर शनिवार को हथियारों से लैस होकर आए हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर डाली। फायरिंग से इलाके मे सनसनी फैल गई। मौके पर एकत्रित हुए लोगों ने एकजुटता दिखाते हुए हमलावरों को घेरकर पकड़ा और उनके हथियार छीन लिए। जिसके बाद हमलावरों की जमकर मारपीट कर डाली। बाद में पुलिस के सुपुर्द कर दिया।

जानकारी के अनुसार भाजपा नेता रविन्द्र सिकरौदा शनिवार को कस्बा जौरा में संजय नगर स्थित अपने घर में बैठे हुए थे। उनका भाई रूपेन्द्र सिकरवार, भतीजा राहुल घर के बाहर था, इसी समय हथियारों से लैस होकर आए धारा यादव, चंद्रपाल यादव, बंटी उर्फ संजय यादव, लाखन यादव ने गालियां देते हुए फायरिंग करना शुरू कर दी। गोलियों की आवाज सुनकर रविन्द्र, रूपेन्द्र सहित आसपड़ौस के लोग मौके पर पहुंच गए। उन्होंने हमलावरों को घेरकर पकड़ लिया और उनके हथियार छीन लिए, जिसके बाद भीड़ ने हमलावरों की जमकर मारपीट कर डाली। सूचना मिलने के बाद कुछ ही देर में पुलिस मौके पर पहुंच गई। तब हमलावरों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। इस घटनाक्रम को लेकर जौरा पुलिस ने चंद्रपाल यादव नि. डोंगरपुर की रिपोर्ट पर रविन्द्र सिकरवार, रूपेन्द्र सिकरवार, राहुल सिंह, अवनीश और धर्मेन्द्र के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। वही दूसरे पक्ष की ओर से रूपेन्द्र सिकरवार की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारासिंह यादव, चंद्रपाल यादव, बंटी, संजय, लाखन यादव निवासीगण डोंगरपुर के विरुद्ध मारपीट, फायरिंग सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है।

### शराब के कारोबार को लेकर हुई घटना

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार भाजपा नेता के घर हमला कर फायरिंग करने वाले आरोपी चिरायतनी गांव में शराब का अवैध कारोबार करते है। बताया जा रहा है कि देर रात को चिरायतनी गांव में शराब सिंडिकेट की टीम ने दविश दी थी। जिसे लेकर आरोपियों का संदेह भाजपा नेता और उनके साथियों पर था। इसी बात को लेकर वे हथियारों के साथ जौरा पहुंचें और फायरिंग कर डाली।

### इनका कहना है...

भाजपा नेता रविन्द्र सिंह अपने घर में बैठे थे, तभी आरोपियों ने फायरिंग की, मौके पर पहुंचें लोगों ने उन्हें पकड़कर हथियार छीन लिए थे। दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

**ओपी रावत**
थाना प्रभारी, जौरा

---

मुरैना बना मप्र में मिसाल

# नरवाई नहीं जलाई, भूसे से कमाई बढ़ाई

## किसानों की समझदारी और प्रशासन के प्रयास रंग लाए

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अप्रैल।** नरवाई जलाने की घटनाओं पर अंकुश लगाकर मुरैना जिला अब जागरूक खेती और पर्यावरण संरक्षण की मिसाल बनकर उभर रहा है। इस बार जिले के किसानों ने फसल कटाई के बाद खेतों में आग लगाने के बजाय आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण का काम किया, बल्कि अतिरिक्त आय का रास्ता भी तैयार किया।

जिला प्रशासन और कृषि विभाग की लगातार समझाइश, मॉनिटरिंग और जागरूकता अभियानों का असर अब साफ दिखाई देने लगा है। यही वजह है कि पूरे प्रदेश में नरवाई जलाने की सबसे कम घटनाएं मुरैना जिले में दर्ज हुई हैं। किसानों ने रीपर कम बाइंडर, स्ट्रॉ-रीपर और एसएमएस युक्त कम्बाइन हार्वेस्टर जैसी मशीनों का उपयोग कर खेतों में बचे अवशेषों से भूसा तैयार किया, जिसे पशु आहार और बाजार में बिक्री दोनों के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

**नरवाई जलाने से घटती है मिट्टी की उर्वरता, बढ़ता है प्रदूषण :** कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है, लाभदायक जीवाणु नष्ट होते हैं और प्रदूषण बढ़ता है। लेकिन अब किसान इन नुकसान को समझ चुके हैं और वैज्ञानिक तरीके से खेती की ओर बढ़ रहे हैं।

### सैटेलाइट के माध्यम से प्रशासन कर रहा निगरानी

प्रशासन की ओर से सैटेलाइट के जरिए खेतों की निगरानी की जा रही है। सूचना मिलते ही कृषि विभाग की टीमें मौके पर पहुंचकर किसानों को समझाइश देती हैं। अधिकारियों का कहना है कि किसानों की सोच में सकारात्मक बदलाव आया है और अब वे नरवाई को समस्या नहीं, संसाधन के रूप में देख रहे हैं।

---

# रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली व पत्थर से भरा मिनी ट्रक पकड़ा

## नूराबाद व सबलगढ़ पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अप्रैल।** अवैध उत्खनन और परिवहन के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत शुक्रवार को नूराबाद पुलिस ने एक टाटा-407 ट्रक को पत्थर की फर्सी का परिवहन करते हुए पकड़ा। उधर सबलगढ़ पुलिस ने चंबल नदी की रेत का परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को पकड़ने में सफलता हासिल की। दोनों मामलों में पुलिस ने वाहन चालकों को गिरफ्तार किया है।



नूराबाद पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वाहन चैकिंग के दौरान फर्सी पत्थर से भरे टाटा-407 लोडिंग ट्रक को पकड़ा। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर ड्राईवर निरंजन पुत्र विजय सिंह गुर्जर निवासी सहराना थाना सिविल लाईन मुरैना को गिरफ्तार कर लिया। कार्रवाई में एसआई सौरभ पुरी, एएसआई सुधाकर चतुर्वेदी, प्र.आर. श्रीपत, आरक्षक वीरसिंह, रवि कुमार, आशीष शामिल थे।



### सबलगढ़ में रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली पकड़े, एक गिरफ्तार

सबलगढ़ पुलिस ने 2 मई को रहूगांव में चंबल नदी के घाट के पास चैक पॉइंट पर वाहन चैकिंग के दौरान चंबल नदी की रेत का अवैध रूप से परिवहन कर रहे एक ट्रेक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस ने ड्राईवर को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध खान एवं खनिज अधिनियम व मोटर व्हीकल एक्ट की धाराओं में अपराध पंजीबद्ध किया है। कार्रवाई में निरीक्षक राजकुमारी परमार, प्र.आर. मनोज चोहान, आरक्षक अमर सिंह, दिवारीलाल, सुभाष, अनूप, नंदकिशोर शामिल थे।

---

# लापता वृद्धा गोमती अब तक बेसुराग

**नवभारत न्यूज**



**मुरैना, 2 अप्रैल।** विगत 17 अप्रैल को मुरैना शहर के शिकारपुर क्षेत्र से अचानक लापता हुई 70 वर्षीय वृद्ध महिला का 15 दिन बीतने के बाद भी सिटी कोतवाली पुलिस कोई सुराग नहीं लगा सकी है। परिजन लगातार उसकी तलाश में जुटे हुए है।

जानकारी के अनुसार शिकारपुर में रामेश्वर गार्डन के पास रहने वाली वृद्ध महिला गोमती देवी 70 पत्नी स्व. सुघर सिंह यादव विगत 17 अप्रैल की सुबह करीब साढ़े छह बजे घूमने के लिए जाने की बात कहकर घर से निकली थी। जिसके बाद गोमती घर नहीं पहुंचीं। तब परिजन ने उसकी तलाश शुरू की। लेकिन उसका कहीं भी पता नहीं चला जिसके बाद परिजन ने सिटी कोतवाली पहुंचकर गुमशुदगी दर्ज कराई। गुमशुदगी को 15 दिन बीत चुके है, लेकिन पुलिस अब तक गोमती को तलाश नहीं कर पाई है। परिजन ने पुलिस अधीक्षक से लापता वृद्ध महिला गोमतीदेवी की तलाश तेज कराने की मांग की है।

---

# कलेक्टर पहुंचे धौंधा-गहतोली, चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

## सड़क, बिजली, राशन, पानी पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अप्रैल।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने शनिवार को पहाड़गढ़ विकासखंड के सुदूरवर्ती गांवों धौंधा, कुस्मानी एवं गहतोली में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने सड़क, बिजली, पेयजल, राशन और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए।



प्रशासन गांव की ओर अभियान के तहत आयोजित चौपालों में कलेक्टर ने विशेष रूप से श्मशान स्थल एवं आवागमन मार्गों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। ग्राम धोंधा में कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर और प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। राशन वितरण व्यवस्था गांव में ही सुगम बनाने तथा आदिवासी महिलाओं के लिए जाति प्रमाण.पत्र शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए। ग्राम कुस्मानी में कलेक्टर ने श्मशान स्थल, रपटा एवं शांतिधाम का निरीक्षण कर पंचायत को व्यवस्थाएं बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

वहीं ग्राम गहतोली में बिजली व्यवस्था को और बेहतर बनाने, स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा सेवाओं की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधारने के निर्देश दिए गए। इस दौरान शुभम शर्मा, सुरेश कुमार सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, पीएचई, खाद्य, राजस्व एवं ट्रायबल विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

---

# न्यू कलेक्ट्रेट में सेकण्ड फ्लोर पर लगी आग, कम्प्यूटर-फर्नीचर राख

## शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे हुई घटना, दमकल ने पाया काबू



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अप्रैल।** न्यू कलेक्ट्रेट भवन के सेकण्ड फ्लोर स्थित लैंड रिकॉर्ड शाखा के कम्प्यूटर सेक्शन में शनिवार की दोपहर अचानक आग लग गई। अवकाश होने की वजह से पूरी बिल्डिंग खाली थी। आग के भड़कने पर जब ऊंची लपटें उठना शुरू हुई, तब चौकीदारों को आग लगने का पता चला। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी। तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। दमकल वाहन मौके पर पहुंचीं और दमकल कर्मचारियों ने आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। करीब आधा घंटा की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। तब तक कम्प्यूटर सेक्शन में रखे कम्प्यूटर सहित अन्य इक्विपमेंट और फर्नीचर पूरी तरह जलकर नष्ट हो चुका था। देर शाम तक आग लगने से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा था।

---



## पुलिस ने पक्षियों के लिए टांगे दाना-पानी के सकोरे

**मुरैना, 2 अप्रैल।** भीषण गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाने के लिए शनिवार को सिटी कोतवाली थाना में पदस्थ पुलिस कर्मचारियों ने मानवता का परिचय देते हुए पर्यावरण संरक्षण की सराहनीय पहल की।

कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक अमित सिंह भदौरिया के निर्देशन में पुलिस कर्मचारियों ने कोतवाली परिसर में लगे पेड़ों पर दाना-पानी से भरे हुए सकोरों को रस्सियों के सहारे लटकाया। जिससे गर्मी के मौसम में पक्षियों को भोजन एवं पानी के लिए इधर-उधर भटकना न पड़े। इस मौके पर पुलिसकर्मियों ने दाना-पानी के सकोरों की नियमित रूप से देखभाल किए जाने का संकल्प भी लिया।

## लौहरी का पुरा गांव में किसान ने फांसी लगाई

**मुरैना, 2 अप्रैल।** देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम लौहरी का पुरा में शनिवार की सुबह एक किसान ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। जानकारी के अनुसार लौहरी का पुरा गांव में रहने वाला किसान डरूसिंह सिकरवार (54) शनिवार की सुबह घर में अकेला था। परिवार के सदस्य घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान डरू सिंह ने कमरे में रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। कुछ देर बाद डरूसिंह के घर पहुंचें पड़ौसियों ने उसे फंदे पर झूलते हुए देखा तो परिजन को सूचना दी। परिजन ने उसे फंदे से उतारकर तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।



## 10 सेकंड का विराम बना तनाव दूर करने का मंत्र : आचार्य

**मुरैना, 2 अप्रैल।** भागदौड़ और मोबाइल की आभासी दुनिया में घिरते जा रहे लोगों को तनावमुक्त और खुशहाल जीवन जीने का संदेश देने के लिए मप्र राज्य आनंद संस्थान द्वारा आयोजित अल्प विराम आनंद परिचय कार्यक्रम प्रेरणादायक साबित हुआ। शासकीय कन्या महाविद्यालय मुरैना में आयोजित इस कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने बताया कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य तनाव नहीं, बल्कि आनंद और संतुलन है। कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक एवं समाजसेवी सुधीर आचार्य ने बेहद सरल शब्दों में तनाव दूर करने का प्रभावी मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि जब भी व्यक्ति तनाव महसूस करे तुरंत प्रतिक्रिया देने के बजाय केवल 10 सेकंड का विराम लेकर तीन गहरी सांसें लें। यह छोटा अभ्यास मन को शांत कर तनाव को काफी हद तक कम कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोग मोबाइल और सोशल मीडिया के कारण मानसिक दबाव में जी रहे हैं। ऐसे में प्रतिदिन कम से कम एक घंटे का नो-फोन जोन बनाना जरूरी है, खासकर भोजन और सोने से पहले। उन्होंने परिवार के साथ समय बितानेए आमने-सामने संवाद बढ़ाने और सकारात्मक सोच अपनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वधर्म प्रार्थना से हुआ। इस दौरान धर्मेंद्र सिसोदिया, सतीश सिंह तोमर, बालकृष्ण शर्मा, श्याम सिकरवार, क्षमा कौशिक, नीतू भारद्वाज, विश्वनाथ गुर्जर आदि उपस्थित रहे।

---

# केरल हिंसा के विरोध में गांधीवादी तरीके से सत्याग्रह आज

## पय्यानूर में शांति पदयात्रा, अनशन आज, जौरा से भी मिला समर्थन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/जौरा, 2 अप्रैल।** महात्मा गांधी सेवा आश्रम ने केरल के पय्यानूर क्षेत्र में चुनाव के दौरान हुई हिंसक घटनाओं के विरोध में गांधीवादी सत्याग्रह और शांति अभियान को समर्थन दिया है। राजनीतिक दलों के समर्थकों के बीच हुई हिंसा के बाद क्षेत्र में भय, तनाव और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है, जिसे लेकर गांधीवादी संगठनों ने चिंता जताई है।



एकता परिषद के संस्थापक एवं गांधीवादी चिंतक डॉ. पीवी राजगोपाल के नेतृत्व में आज 3 मई को पय्यानूर में शांति पदयात्रा और सत्याग्रह आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत आनंदतीरम् समाधि से पुराने बस स्टैंड तक पदयात्रा निकाली जाएगी, जिसके बाद सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक अनशन एवं सत्याग्रह किया जाएगा। डॉ. राजगोपाल ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत एक है और महात्मा गांधी के देश में हिंसा का कोई स्थान नहीं होना चाहिए। उन्होंने चंबल घाटी का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस क्षेत्र में कभी दस्यु और हिंसा का आतंक था, वहां भी अहिंसा की जीत हुई और लोगों ने शांति का मार्ग अपनाया।

**दुनियाभर में संघर्ष, भारत को देना होगा भाईचारे का संदेश :** डॉ. पीवी राजगोपाल ने कहा कि आज जब दुनिया युद्ध और संघर्ष की ओर बढ़ रही है, तब भारत को शांति, सह-अस्तित्व और भाईचारे का संदेश देने की जरूरत है। उन्होंने महात्मा गांधी, स्व. डॉ. एसएन सुब्बाराव और डॉ. रन सिंह परमार के योगदान को भी याद किया।

### जौरा में गांधी सेवाश्रम ने दिया सत्याग्रह को समर्थन

जौरा स्थित महात्मा गांधी सेवा आश्रम के कार्यकर्ताओं ने भी इस सत्याग्रह का समर्थन दिया है। आश्रम के जिम्मी जार्ज और दिनेश सिंह सिकरवार ने साथियों सहित दिनभर अनशन कर शांति और अहिंसा के संदेश के प्रति एकजुटता जताई।

---



# सद्भावना समिति ने बस स्टैंड में लगाया वाटर कूलर

**मुरैना, 2 अप्रैल।** भीषण गर्मी के बीच आमजन को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सद्भावना जनसेवा समिति द्वारा लगातार सेवा कार्य किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को समिति के संचालक अनूप गर्ग के मार्गदर्शन में वर्ष-2026 का चौथा एवं समिति का 27वां वाटर कूलर संजय पार्क के गेट के पास स्थित सरकारी बस स्टैंड परिसर में स्थापित किया गया।

यह वाटर कूलर जय गुरुदेव ट्रैवल्स के संचालक दिनेश सिकरवार के सहयोग से लगाया गया है। वाटर कूलर का शुभारंभ संजय पार्क स्थित पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के पुजारी अमर सिंह ने किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य रामनिवास त्यागी, पवन शुक्ला, दिनेश, गिर्राज शर्मा, कपिल शर्मा, महेश परमार, बबलू सिकरवार, पिंकी, जितेंद्र भदौरिया, निगम सिकरवार, भानु एवं सुदामा शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

---



# कायस्थ समाज के परिचय सम्मेलन में 18 जोड़ों के रिश्ते तय

## भगवान चित्रगुप्त के प्राकट्योत्सव पर हुआ आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 2 अप्रैल।** कायस्थ समाज मुरैना एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के संयुक्त तत्वावधान में भगवान चित्रगुप्त प्राकट्योत्सव के अवसर पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के 18 युवक-युवतियों के वैवाहिक संबंध तय हुए।

कार्यक्रम का आयोजन दिनेश किशोर भटनागर एवं सीपी श्रीवास्तव के नेतृत्व में किया गया। समारोह की अध्यक्षता हेमन्त खरे ने की, मुख्य अतिथि के रूप में अजय श्रीवास्तव उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में सुनील श्रीवास्तव, दीपक सक्सैना, अशोक श्रीवास्तव उपस्थित रहे। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कायस्थ समाज के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठजनों और व्यापार से जुड़े लोगों का सम्मान भी किया गया। मंच संचालन कवि डॉ. नरेश श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम को समाज के लोगों ने पारिवारिक और सामाजिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसकी सराहना की।

---

# सही मार्गदर्शन मिले तो अंबाह के युवा देश में बना सकेंगे पहचान

## कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताए सफलता के सूत्र

### मेधावी छात्र-छात्राएं और शिक्षक हुए सम्मानित

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/अंबाह, 2 अप्रैल।** किला हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की दिशा दिखाने के साथ सफ्लता के महत्वपूर्ण सूत्र बताए गए। मोशन संस्था के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने भाग लेकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं और करियर विकल्पों की जानकारी प्राप्त की।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामलखन किरार ने कहा कि समय पर सही मार्गदर्शन और उचित परामर्श मिलने से विद्यार्थी अपने लक्ष्य को स्पष्ट रूप से तय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन छात्रों को नई दिशा देने के साथ उनके आत्मविश्वास को भी मजबूत करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे शिक्षाविद् एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. सुधीर आचार्य ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि अंबाह क्षेत्र के युवा प्रतिभाशाली, मेहनती और ऊर्जावान हैं। यदि उन्हें सही समय पर उचित मार्गदर्शन मिल जाए तो वे राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बना सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर मेहनत करने और सकारात्मक सोच बनाए रखने की सीख दी। कार्यक्रम में करन सिंह जैन,6 शिवदत्त शर्मा, चंद्रपाल शर्मा, सत्येंद्र उपाध्याय, प्रभात पाठक, बालकृष्ण शर्मा सहित अनेक शिक्षक, शिक्षाविद् और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

**राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के बारे में दी जानकारी :** कार्यक्रम में जेईई, नीट, ओलंपियाड सहित अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, रणनीति और करियर संभावनाओं पर विशेषज्ञों ने विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को समय प्रबंधन, अनुशासन और आत्मविश्वास के महत्व से भी अवगत कराया गया।

### मेधावी छात्र और उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान

कार्यक्रम में विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह ने कार्यक्रम को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया।

---

# पुराने स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक की मांग

**वीरपुर, 2 मई।** वीरपुर पुराना हॉस्पिटल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भवन जर्जर हालत में कई सालों से बंद पड़ा है जिसमें वीरपुर से 3 किलोमीटर की दूरी पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बनाया गया है यहां पर आने जाने में मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ता है वीरपुर पुराने हॉस्पिटल जो नगर के बीचोबीच बना हुआ है ओर नया हॉस्पिटल की नगर से 3 किलोमीटर की दूरी है वो भी सुनसान एरिया है जिससे रात्रि में किसी मरीज को अस्पताल जाना पड़े तो बहुत मुश्किल होती है ओर साधन भी नहीं मिलते हैं ऐसे में पुराने स्वास्थ्य केंद्र मे एक डॉक्टर बैठने की व्यवस्था की जाए जिससे रात्रि में मरीज को इलाज की सुविधा मिल सके 3 किलोमीटर की दूरी तक जाने में कहीं महिलाओं का प्रसव रास्ते में ही हो जाता है स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीणों की मांग है कि पुराने हॉस्पिटल में एक डॉक्टर की पद स्थापना की जावे ओर पुरानी हॉस्पिटल के भवन की मरम्मत कराई जाए।